स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन
जनपद मुरादाबाद

- स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु चिन्हित ग्राम पंचायतों में नवाचार के माध्यम से स्वच्छता गतिविधियों को प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन करने का निर्णय लिया गया है।
- जनपद की ग्राम पंचायत में जिला स्तरीय अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित कर नोडल अधिकारी, प्रधान व सचिव व खण्ड विकास अधिकारी की उन्मुखीकरण बैठक की गई।
- प्रधान, सचिव, फ्रंटलाईन वर्कर से साथ प्राथमिक बैठक एवं नोडल अधिकारी के पर्यवेक्षण में ग्राम सभा की स्वच्छता ऑडिट की बैठक करायी गई, जिसमें उत्सर्जित कचरे का आंकलन व वैल्थ रैकिंग से स्वच्छता शुल्क का निर्धारण किया गया। बैठक में स्वच्छता शुल्क व आर्थिक दण्ड के प्राविधान का अनुमोदन
- मेरा कूड़ा–मेरी जिम्मेदारी, मेरा गांव मेरी स्वच्छता के साथ जनसहभागिता से स्वच्छता के लक्ष्य से, वाहन के निर्धारित रूट चार्ट/रोस्टर के अनुसार डोर–टू–डोर संग्रहण का कार्य किया जा रहा है।
- जनपद में सॉलिड लिक्विड वेस्ट मैनेजमेन्ट हेतु ग्राम पंचायतों द्वारा अतिरिक्त श्रमिक लगाकर ग्राम पंचायत में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन का कार्य बेहतर रूप से किया जा रहा है जिसके लिए ग्राम पंचायत के ओ0एस0आर0 खातें में उपलब्ध धनराशि से उनके मानदेय आदि का भुगतान किया जाता है।